आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम में महिला पहलवान विनेश फोगाट कुछ ग्राम से अधिक वजन होने के कारण 50 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्धा में अयोग्य घोषित कर दी गई हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने एक वक्तव्य में कहा कि रात में टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद आज सुबह फोगाट का वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का उत्साहवर्धन किया है। साथ ही यह विश्वास व्यक्त किया है कि वो शीघ्र ही पहले से मजबूत होकर मैदान में वापसी करेंगी। पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन श्री राम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि आज दुनिया की तस्वीर हम सभी देख रहे हैं। भारत का आस–पड़ोस जल रहा है। जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर एकजुट होकर कार्य करने और लड़ने की आवश्यकता है। राम मंदिर का निर्माण मंजिल नहीं, पड़ाव है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या धाम दौरे के दूसरे दिन आज भदरसा क्षेत्र की नाबालिग पीड़िता के मामले को लेकर निषाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़िता को हर स्थिति में न्याय दिलाने हेतु हम प्रतिबद्ध है। पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। लगभग 15 मिनट तक चली। इस बैठक में निषाद समाज के लोगों ने आरोपी सपा नेता पर हुई कार्रवाई को जायज ठहराया।

****

प्रदेश सरकार ने आम जन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने के लिए आरोग्य मेला को अगले एक साल तक बड़े पैमाने पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग अगस्त 2024 से जुलाई 2025 तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1 लाख 72 हजार से अधिक आरोग्य मेला का आयोजन करेगा। प्रदेश के तीन हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिए जाएंगे।

****

सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी द्वारा चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के अंतर्गत आज गाजीपुर जनपद के लिए जनरल ड्यूटी की दौड वाराणसी के रणबांकुरे स्टेडियम में संपन्न हुई। आज बुलाए गए एक हजार चार सौ बयासी अभ्यर्थियों में से एक हजार दो सौ पंद्रह ने दौड़ में भाग लिया। 377 अभ्यर्थियों ने दौड़ की बाधा को पार किया। भर्ती रैली के अंतर्गत कल जनरल ड्यूटी के लिए जनपद गाजीपुर एवं गोरखपुर के अभ्यर्थियों की दौड़ होगी।

****

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज कासगंज जिले में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना का जागरण करना है।

****

महान कवि, लेखक, समाज सुधारक और नोबल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर को आज उनकी पुण्यतिथि पर राष्ट्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नोबेल पुरस्कार विजेता और भारत के राष्ट्रगान के रचयिता के याद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि साहस तथा सौंदर्य और वेदना समेत मानवीय भावनाओं के अनेक रंगों को समाहित किए आपका कालजयी रचना संसार जगत की अमूल्य धरोहर है।

****

भदोही में आज हैंडलूम दिवस के अवसर पर जूट कॉरपोरेशन इंडिया द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जुट कार्पोरेशन के जनरल मैनेजर मार्केटिंग ने बताया कि भारत जूट का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इसके प्रोत्साहन के लिए सरकार की ओर से विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

****

अखंड सौभाग्य को समर्पित पावन पर्व हरियाली तीज आज श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में मनाया जा रहा है। सुहागिनें वृक्ष, नदियों और जल के देवता वरूण की उपासना कर के अपने सुहाग की लंबी आयु की मंगलकामना कर रही हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को अपनी कठोर तपस्या से प्राप्त किया था। इसी कड़ी में आज मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज का पावन पर्व हिंडोला उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ।

****

मथुरा में माफिया मुख्तार अंसारी के एक लाख रूपिया के इनामी शार्प शूटर पंकज यादव को आज सुबह यूपी एसटीएफ ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मथुरा के फरार थाना इलाके मेंयह मुठभेड़ हुई। कुख्यात अपराधी पंकज यादव, मुख्तार अंसारी, शाहबुद्दीन और मुन्ना बजरंगी गैंग के लिए भी शार्प शूटर का काम करता था। उसके उपर दो दर्जन से अधिक हत्या एवं अन्य संगीन मुकदमे दर्ज थे।

****